प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

**संचार विभाग,** केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001

**Department of Communication**, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai - 400 001 फोन/Phone: 022 - 2266 0502

11 अप्रैल 2025

# भारतीय रिज़र्व बैंक ने भारत सरकार की प्रतिभूतियों की ओएमओ खरीद की घोषणा की

वर्तमान और उभरती चलनिधि स्थितियों की समीक्षा के बाद, भारतीय रिज़र्व बैंक ने 17 अप्रैल 2025 को कुल ₹40,000 करोड़ की राशि के लिए भारत सरकार की प्रतिभूतियों की ओएमओ खरीद नीलामी आयोजित करने का निर्णय लिया है। यह नीलामी रिज़र्व बैंक द्वारा दिनांक 1 अप्रैल 2025 की प्रेस प्रकाशनी 2025-26/4 के माध्यम से घोषित नीलामियों के अतिरिक्त होगी।

2. तदनुसार, भारतीय रिज़र्व बैंक एकाधिक मूल्य पद्धति का उपयोग करते हुए बहु-प्रतिभूति नीलामी के माध्यम से निम्नलिखित सरकारी प्रतिभूतियों की खरीद करेगा:

| क्र. सं | आईएसआईएन | प्रतिभूति | परिपक्वता की तारीख | समग्र राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | IN0020230101 | 7.37% जीएस 2028 | 23-अक्तूबर-2028 | ₹40,000 करोड़ (प्रतिभूति-वार कोई राशि अधिसूचित नहीं की गई है) |
| 2 | IN0020230135 | 7.32% जीएस 2030 | 13-नवंबर-2030 | |
| 3 | IN0020210244 | 6.54% जीएस 2032 | 17-जनवरी-2032 | |
| 4 | IN0020230085 | 7.18% जीएस 2033 | 14-अगस्त-2033 | |
| 5 | IN0020220029 | 7.54% जीएस 2036 | 23-मई-2036 | |
| 6 | IN0020240027 | 7.23% जीएस 2039 | 15-अप्रैल-2039 | |

3. रिज़र्व बैंक के पास निम्नलिखित अधिकार सुरक्षित हैं:

- प्रत्येक प्रतिभूतियों की खरीद की मात्रा का निर्धारण करना।
- समग्र राशि से कम राशि की बोलियां स्वीकार करना।
- पूर्णांकन प्रभाव के कारण समग्र राशि की तुलना में कुछ अधिक/कम की खरीद करना।
- कारण दिए बिना संपूर्ण या आंशिक रूप से किसी भी या सभी बोलियाँ को स्वीकार या अस्वीकार करना।

4. पात्र प्रतिभागियों को **17 अप्रैल 2025** को **पूर्वाह्न 9:30** और **पूर्वाह्न 10:30 बजे** के बीच भारतीय रिज़र्व बैंक कोर बैंकिंग समाधान (ई-कुबेर) प्रणाली पर इलेक्ट्रॉनिक प्रारूप में अपनी बोलियों को प्रस्तुत करना होगा। केवल प्रणाली की विफलता की स्थिति में, भौतिक बोलियाँ स्वीकार की जाएंगी। इस तरह की

भौतिक बोली निर्धारित प्रपत्र में, जिसे रिज़र्व बैंक की वेबसाइट (https://rbi.org.in/hi/web/rbi/forms) से प्राप्त किया जा सकता है, **पूर्वाह्न 10.30 बजे** से पहले वित्तीय बाजार परिचालन विभाग (ईमेल; फोन नंबर: 022-22630982) को प्रस्तुत की जाए।

5. नीलामी का परिणाम उसी दिन घोषित किया जाएगा और सफल प्रतिभागियों को **21 अप्रैल 2025** को **मध्याह्न 12 बजे** तक अपने एसजीएल खाते में प्रतिभूतियों की उपलब्धता सुनिश्चित कर लेनी चाहिए।

6. रिज़र्व बैंक उभरती चलनिधि और बाज़ार स्थितियों पर निगरानी जारी रखेगा तथा व्यवस्थित चलनिधि स्थिति सुनिश्चित करने के लिए उचित उपाय करेगा।

**(पुनीत पंचोली)**
मुख्य महाप्रबंधक

**प्रेस प्रकाशनी: 2025-2026/90**